# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

**दिनांकः–......6/10/25.......... को अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

**उपस्थिति :–**

| | | |
|---|---|---|
| श्री दीपक कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग। | – | अध्यक्ष |
| श्री जय किशोर ठाकुर, अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग। | – | सदस्य |
| श्री अनिल कुमार, मुख्य अभियंता–2, ग्रामीण कार्य विभाग। | – | सदस्य |
| श्री आमिर नैय्यर, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग। | – | सदस्य |

2. बैठक में **"मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना (अवशेष)** अन्तर्गत e-tendering के माध्यम से प्राप्त की गयी निम्नवत् तालिका के **क्रमांक–1 के निविदा समूह** के तकनीकी बीड पर सक्षम प्राधिकार की अध्यक्षता में गठित तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड में योग्य घोषित किये गये निविदाकार के वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी के आलोक में न्यूनतम दर उद्धृत करने वाले सफल निविदाकारों के वित्तीय बीड के प्रस्ताव पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष उपस्थापित किया गया, जिसकी विवरणी निम्नवत् तालिका "Summary of Financial Bids" के अनुरूप है।

उपर्युक्त के संदर्भ में इस समिति द्वारा सम्यक विचारोपरांत तालिका में वर्णित न्यूनतम दर के निविदाकार (L1) के स्तम्भ "12" में निवेदित राशि पर स्तम्भ "13" के अनुसार निम्नवत निर्णय लिया गयाः–

Summary of Financial Bids

| Sl No | Division | File No.-BRRDA (HQ) MMGSY Awshesh-SC- | NIT No./Date of Receipt | PR No. & Date of Publication | Package No./Tender ID | AA Amount (in lacs) | Bid Amount (Rs. In INR) | No of Bidders Qualified in Tech. Bid/ Total No of Bidder | Name of Bidder for Financial Proposal (Bid ID) | Quoted Rate (%) | Tender Awarded Amount (in Rs.) | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | Tikari | 285/25 | RWD/ MMGSY (AWSESH-GEN)/HQ/ET/ 2025-26/03<br>15.07.2025 | 006136 (RWD) 2025-26, 20.06.2025 | MMGSY-(AWSESH-Gen)-Tikari- 77 (Tender ID-142581) | 476.867 | 50108391.95 | 3/3 | SHREEKANT KUMAR (BID ID -623801) | -18.36 | 40908491.19 (Four Crore Nine Lakh Eight Thousand Four Hundred and Ninty One only) | Successful as per lowest quoted rate i,e. L1. |
| | | | | | | | | | SK YADVENDU CONSTRUCTION PRIVATE LIMITED (BID ID -622222) | -1.00 | | |
| | | | | | | | | | GITA DEVI (BID ID -622167) | -0.00 | | |

3. स्वीकृत निविदा समूहों के कार्य आवंटन आदेश निर्गत करने के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता, NIT एवं CMBD के निम्न तथ्यों से संतुष्ट हो लेंगेः–
   (i)इस योजना पर सक्षम प्राधिकार द्वारा प्रशासनिक अनुमोदन तथा तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गयी है एवं परिमाण विपत्र अनुमोदित है।
   (ii) वांछित अग्रधन की राशि CMBD के अनुरूप है।
   (iii) पैकेज संख्या, पथ का नाम, परिमाण विपत्र की राशि, तकनीकी स्वीकृति की राशि, संवेदक द्वारा उद्धत दर, परक्रमित दर, Bid Capacity आदि सही है।

(iv) संवेदक Defaulter/ निलंबित/कालीसूची/कार्यों को लंबित रखने वाले संवेदकों की सूची में सम्मिलित नहीं है।

(v) कार्य आवंटन आदेश निर्गत करने के पूर्व चरित्र प्रमाण पत्र के संबंध मे निर्गत विभागीय पत्रांक–14/अ०प्र०–03–21/2021–4192 अनु०, दिनांक–29.07.2024 के दिशा–निर्देशों का अनिवार्य रूप से अक्षरशः अनुपालन कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

(vi) CMBD (ITB) की सुसंगत कंडिका 4.4B(b)(i) & 4.4B(b)(ii) के अनुसार संवेदक से प्राप्त शपथ पत्र के अनुरूप उक्त निर्माण कार्य हेतु Key Equipment /Machinary & Lab Equipment तथा Key Personnel की उपलब्धता सुनिश्चित कर लेंगे।

4. एकरारनामा के पूर्व संबंधित कार्यपालक अभियंता निर्धारित CMBD के अनुरूप संबंधित निविदा के साथ संवेदक द्वारा संलग्न किये गये अभिलेख एवं इसकी मूल प्रति से सत्यापित कर संतुष्ट हो लेंगे। यदि निविदा निष्पादन की प्रक्रिया अथवा किसी भी स्तर पर किसी निविदाकार का कोई कागजात गलत पाया जाता है तो उन पर CMBD एवं बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 की सुसंगत कंडिकाओं के आलोक में कार्रवाई की अनुशंसा अविलम्ब करना सुनिश्चित करेंगे।

5. संबंधित अधीक्षण अभियंता एकरारनामा की सभी कंडिकाओं का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु साप्ताहिक अन्तराल पर कार्यों का भौतिक पर्यवेक्षण करेंगे।

6. संबंधित अधीक्षण अभियंता पर्यवेक्षण के उपरांत साप्ताहिक अन्तराल पर उपर्युक्त बिन्दुओं के संबंध में प्रतिवेदन अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, BRRDA को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी विचलन की स्थितिमें एकरारनामा की शर्तों के आलोक में तत्काल कार्रवाई की विवरणी भी प्रतिवेदन में देंगे।

7. अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, BRRDA कार्यों की समीक्षा मासिक अन्तराल पर करेंगे, जिसमें संबंधित अधीक्षण अभियंता समेकित प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होंगे।

8. निविदा निष्पादन के क्रम में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर मुख्यालय को तुरंत सूचित किया जाए।

9. कार्य आवंटन आदेश में संवेदक का निबंधन संख्या, पूर्ण पता, Email ID एवं दूरभाष संख्या अवश्य अंकित किया जाए।

10. संबंधित कार्यपालक अभियंता यह सुनिश्चित करेंगे कि CMBD के ITB की कंडिका 17.1 के आलोक में Earnest Money एवं ITB की कंडिका 34.1 के आलोक में Performance Security के रूप में समर्पित Bank Guarantee बिहार में अवस्थित राष्ट्रीय/अनुसूचित बैंकों द्वारा ही निर्गत हो तथा विहित अवधि के लिए मान्य हो, साथ ही संबंधित शाखा से सत्यापित किया गया हो।

11. अनुमोदित परिमाण विपत्र की दर से कम उद्धत दर वाले निविदाकार के लिए Additional Performance Guarantee का प्रावधान पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या–447 (एस) दिनांक 16.01.2020 एवं विभागीय पत्रांक 292 (अनु0) दिनांक 17.01.2020 के आलोक में एकरारनामा के पूर्व संबंधित कार्यापालक अभियंता अनिवार्यतः जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

12. संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग सफल निविदाकार को 24 घन्टे के अन्दर Letter of Acceptance (LOA) निर्गत करते हुए इसकी प्रति संबंधित अधीक्षण अभियंता, संबंधित मुख्य अभियंता, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी–सह–सचिव, BRRDA एवं अभियंता प्रमुख को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

(आमीर नैय्यर)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

(अनिल कुमार)
मुख्य अभियंता–2,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।